# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
**Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org**

पत्रांक संख्या–**6595/25** दिनांक–**06/08/2025**

## महत्वपूर्ण सूचना

संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश प्रक्रिया 2025–26 के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय के पत्रांक संख्या–6867/25 दिनांक 02.08.2025 के द्वारा जारी समय–सारणी के अनुसार मेरिट लिस्ट दिनांक 04.08.2025 को जारी की जा चुकी है। **मेरिट लिस्ट में शामिल यदि किसी अभ्यर्थी को अपनी मेरिट रैंक से सम्बन्धित कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 08.08.2025 तक कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 cpsp@upsmfac.org के माध्यम से अपनी आपत्ति के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है। दिनांक 08.08.2025 के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई प्रत्यावेदन मान्य नहीं होगा।**

प्रथम चक्र हेतु जारी समय–सारणी के अनुसार च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 04.08.2025 से 09.08.2025 तक यथावत् क्रियाशील रहेगी।

उक्त प्राप्त प्रत्यावेदनों की वैद्यता के अनुसार संशोधित मेरिट लिस्ट दिनांक 09.08.2025 को जारी की जायेगी, संशोधित मेरिट लिस्ट की मेरिट रैंक ही मान्य होगी तथा इसी आधार पर आवंटन पत्र जारी किये जायेंगे।

नोटः

1. **प्रत्यावेदन के साथ काउंसिलिंग में जारी किया गया Score Card संलग्न करना अनिवार्य है।**
2. **अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में दर्ज की गयी रजिस्टर्ड ई–मेल आई0डी0 से ही प्रेषित प्रत्यावेदन मान्य होंगे।**
3. **ई–मेल से प्रेषित प्रत्यावेदन हेतु निर्धारित कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 cpsp@upsmfac.org पर प्राप्त प्रत्यावेदन ही मान्य होंगे।**

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।